## बीपीसीएल के लॉयल्टी एप से 5.72 करोड़ की ठगी

- 7 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज
- खाते से बिना डेबिट किए वॉलेट में जोड़ी रकम
- फर्जी फ्लिट अकाउंट से किया गया खेल उजागर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में कॉर्पोरेट स्तर की बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के लॉयल्टी एप में हेरफेर कर आरोपियों ने बैंक खाते से बिना राशि डेबिट कराए ही करोड़ों रुपए वॉलेट में जोड़ लिए और उनका उपयोग कर कंपनी को करीब 5.72 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया.

क्षिप्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 44 वर्षीय फरियादी विक्रांत हाटे की शिकायत पर विशाल सिंह, शशि सिंह, दलवीर सिंह, बलजिंदर सिंह, वाहिद खान, नरेंद्र सिंह बासु और बलबीर सिंह सात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया. मामला एबी रोड मांगलिया स्थित बीपीसीएल से जुड़ा है. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने बीपीसीएल के लॉयल्टी एप में फर्जी तरीके से फ्लिट अकाउंट तैयार किए. इसके बाद स्मार्ट फ्लिट वॉलेट में बिना किसी वास्तविक बैंकिंग ट्रांजेक्शन के ही रिचार्ज दिखाकर रकम जोड़ ली, यानी खातों से पैसा कटे बिना ही वॉलेट में बैलेंस बढ़ा दिया.

### जांच में जुटी क्षिप्रा पुलिस

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने इस फर्जी बैलेंस का उपयोग कर विभिन्न ट्रांजेक्शन किए. जब कंपनी को गड़बड़ी का पता चला तो आरोपियों को राशि लौटाने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने पैसा वापस नहीं किया. इस तरह 5 करोड़ 72 लाख 74 हजार 579 रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 और 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामले में तकनीकी पहलुओं की जांच भी की जा रही है, साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इस तरह की ठगी कहीं और तो नहीं की गई.

## 200 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर 22 लाख की ठगी

- राज्य साइबर सेल ने फर्जी कंपनी के डायरेक्टर को किया गिरफ्तार
- 18 बैंक खातों के जरिए करोड़ों का लेनदेन उजागर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. स्टॉक मार्केट में निवेश पर 200 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का लालच देकर 22 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राज्य साइबर सेल इंदौर ने फर्जी फर्म के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है. आरोपी अपने भाई के साथ मिलकर फर्जी कंपनियां बनाकर लोगों को ठग रहा था.**



साउथ तुकोगंज स्थित एक निजी कंपनी में एचआर मैनेजर पद पर कार्यरत फरियादी को लिंक्डइन के जरिए आरोपियों ने संपर्क किया. खुद को एशियन मार्केट सिक्योरिटीज का प्रतिनिधि बताकर उसे एक लिंक भेजा, जिससे मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराकर रजिस्ट्रेशन कराया. इसके बाद 200 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर फरियादी से तीन अलग अलग खातों से करीब 22 लाख रुपए निवेश के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए. आरोपियों ने बाद में मुनाफा निकालने के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स जमा करने का झांसा भी दिया. व्हाट्सएप कॉल और चैट के जरिए लगातार संपर्क में रहकर अलग अलग राज्यों के बैंक खातों में रकम डलवाई गई.

### आधार कार्ड में पता बदल-बदलकर बनाता था फर्जी कंपनी

जांच में सामने आया कि आरोपी 31 वर्षीय आयुष गुप्ता निवासी चौपड़ा बाजार, जीरापुर जिला राजगढ़ अपने बड़े भाई के साथ मिलकर फर्जी फर्म बनाता था. इसके लिए वह अलग अलग जगह किराए के मकान लेकर आधार कार्ड में पता अपडेट कराता और उन्हीं पतों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर बैंक खाते खुलवाता था. आरोपी खुद को कंपनी का डायरेक्टर बताकर खाते खुलवाकर अपने भाई को सौंप देता था. तकनीकी विश्लेषण में अब तक आरोपी के नाम से 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिनमें करोड़ों रुपए का लेनदेन सामने आया है. साइबर सेल ने लोकेशन ट्रेस कर राजगढ़ जिले के जीरापुर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ ने बताया कि आरोपी का बड़ा भाई पहले ही चंडीगढ़ साइबर पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है. मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है.

### एक नजर में

#### शराब दुकान के विरोध में महिलाएं धरने पर बैठीं



**महू.** मानपुर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में शराब दुकान हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है. बुधवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं दुकान के बाहर धरने पर बैठ गईं और जोरदार प्रदर्शन किया. महिलाओं ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खुलने देंगी. उनका आरोप है कि इससे क्षेत्र का माहौल खराब होगा और युवाओं पर गलत असर पड़ेगा. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे सड़क पर उतरकर चक्काजाम करेंगी. मंगलवार रात को भी महू-पीथमपुर रोड पर महिलाओं ने शराब दुकान के विरोध में चक्काजाम किया था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ था.

#### पोस्ट ऑफिस लगातार 3 दिन बंद रहने से ग्राहक रहे परेशान



**महू.** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के अवसर पर लगातार तीन दिन तक पोस्ट ऑफिस बंद रहने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहक ज्यादा परेशान हुए. जानकारी के अनुसार 31 मार्च को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किया गया था. इसके बाद 1 और 2 अप्रैल 2026 को वित्तीय वर्ष समाप्ति के कारण पोस्ट ऑफिस में सार्वजनिक लेन-देन बंद रखा गया. इस दौरान कर्मचारियों द्वारा आंतरिक कार्य जैसे खातों का मिलान एवं वार्षिक समापन की प्रक्रिया पूरी की गई, लेकिन ग्राहकों के किसी भी प्रकार के वित्तीय कार्य नहीं किए गए. इससे ग्राहकों के जरूरी कार्य जैसे पैसा जमा करना, निकासी, मनी ऑर्डर और अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं. पेंशनधारकों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ा रहा है. पोस्ट मास्टर आरके शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के समापन के कारण दो दिन का अवकाश दिल्ली मुख्यालय के निर्देशानुसार रखा गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि इन दिनों में कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जाता है, लेकिन ग्राहकों से लेन-देन नहीं किया जाता.

#### भाजपा स्थापना दिवस को लेकर जिला कामकाजी बैठक संपन्न



**पीथमपुर.** बीजेपी के स्थापना दिवस आयोजन को लेकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया. इसमें 6 अप्रैल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, धार विधायक नीना वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, जिपं अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, जिला महामंत्री राकेश पटेल, स्थापना दिवस आयोजन टोली संयोजक व भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, टोली के सह संयोजक प्रेमचंद परमार, कमल यादव, विनीत मंडलोई, सरदारपुर के पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया अतिथि रूप में मंचासीन थे. भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाना है. प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए 6 अप्रैल स्थापना दिवस से विशेष अभियान चलाया जाएगा. यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक त्यौहार की तरह है. इसे हम सभी कार्यकर्ता बड़े हर्षोल्लास के साथ बूथ स्तर तक मनाएंगे. भाजपा जिला संयोजक देवेंद्र सोनोने ने बताया कि स्थापना दिवस पर 5, 6, 7 अप्रैल को सभी जिला एवं मंडल कार्यालय पर विद्युत सजावट, 6 अप्रैल को कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वजारोहण करेंगे, सभी कार्यकर्ता सेल्फी फेसबुक पर अपलोड करें तथा प्रत्येक बूथ पर हमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम करना है. 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव-बस्ती चलो अभियान के निमित्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. बैठक में जिला पदाधिकारी जिले के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री नव नियुक्त एल्डर मेन सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. संचालन जिला मंत्री व टोली के सह संयोजक कमल यादव ने किया. आभार जिला मंत्री विनीत मंडलोई ने माना.

#### रापी लगाकर कार पंचर कर 20 तोले की चैन छीनी

**महू.** तहसील के किशनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार अलसुबह सड़क पर रापी लगाकर लूट की वारदात हो गई. जिसमें बदमाशों ने फरियादी को धमकाते हुए 20 तोले की चैन छीन ली और फरार हो गए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है. इसके लिए पुलिस ने 4 टीमें गठित की हैं. घटना सोमवार अलसुबह 4 बजे हुई. फरियादी रोहन पुत्र विजय कुमार पाटीदार (25) निवासी दाहोद गुजरात ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दो पुरुष व तीन महिला मित्रों के साथ राजपूत ढाबे पर खाना खाने आया था. खाना खाने के बाद वहां से निकले तो मेडिकैप्स के आगे धानुका वेयर हाउस के सामने अचानक कार का टायर पंचर हो गया. इस पर वह कार से उतरा और स्टेपनी बदलने लगा. तभी वहां पर एक अज्ञात व्यक्ति हाथ में लोहे की राड लेकर आया और उस पर हमला करने लगा. रोहन ने उससे बचने की कोशिश की. इस पर बदमाश ने उसके गले में चैन देखी और उतारकर देने को कहा. ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की बात कही. दहशत में आए रोहन ने अपने गले की 20 तोले की चेन उतारकर कर दे दी. इसके बाद बदमाश वहां से दूर खड़ी एक कार में बैठकर फरार हो गया. पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है.

## रिफंड के नाम पर लिंक भेजकर महिला से 1.29 लाख ठगे

- एलआईसी कर्मचारी बनकर किया था महिला को कॉल
- भेजी गई लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकल गई रकम

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है, जहां एक महिला से रिफंड दिलाने के नाम पर 1 लाख 29 हजार रुपए ठग लिए. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि छोटा बांगड़दा निवासी पिंकी राठौर को सोमवार शाम एक कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को भोपाल स्थित एलआईसी हेड ऑफिस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका लंबित भुगतान वापस करना है. बातों में उलझाकर आरोपी ने महिला के मोबाइल पर क्विक नाम से एक लिंक भेजी. जैसे ही पिंकी ने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से अलग-अलग पांच ट्रांजेक्शन में 1.29 लाख रुपए निकल गए. इसके बाद आरोपी का मोबाइल नंबर बंद हो गया. ठगी का अहसास होते ही महिला ने तुरंत बैंक के टोल फ्री नंबर और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई. मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात कॉलर और एक संदिग्ध बैंक खाते के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली. मामले में क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर भरोसा न करें, क्योंकि ठग इसी तरह लोगों को निशाना बना रहे हैं.

## सब्जी देकर लौट रहे किसान को कार ने कुचला, मौत

- हादसे के बाद भीड़ इकट्ठा होते देख चालक मौके से हो गया फरार

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई. खेत से सब्जी देकर घर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल किसान ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए अस्पताल भेज फरार चालक की तलाश शुरु की.

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 43 वर्षीय लखन पिता रघुनाथ मस्कार निवासी शिवनगर के रूप में हुई है. परिजनों ने पुलिस



को बताया कि लखन मंगलवार को खेत की सब्जियां देने गए थे और काम खत्म कर घर लौट रहे थे. इसी दौरान उमरीखेड़ा पावर हाउस के पास पीछे से आ रही कार एमपी 09 सीई 5787 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी.

टक्कर इतनी भीषण थी कि लखन सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि लखन परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे. उनके पिता और भाई की पहले ही मौत हो चुकी है. परिवार में वृद्ध मां, पत्नी और दो बेटे हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी कार को घेर लिया, लेकिन चालक भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया.

## मानव तस्करी : बदलते ट्रेंड, चुनौतियों और रणनीतियों पर मंथन

- विशेष कार्यशाला में समन्वित कार्रवाई का लिया संकल्प

**इंदौर. मानव तस्करी जैसे संवेदनशील अपराध की रोकथाम को लेकर बुधवार को एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हुए इस सेमीनार में पुलिस, प्रशासन, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों ने भाग लेकर इस मामले में बदलते स्वरूप और उससे निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की.**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन और इंटरनेशनल जस्टिस मिशन इंडिया के सहयोग से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में मानव तस्करी के बदलते रुझान: कानून प्रवर्तन की चुनौतियां एवं प्रतिक्रिया विषय पर विस्तृत परिचर्चा हुई.



कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डीजीपी डॉ. पीएम नायर मुख्य अतिथि रहे, जबकि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे. इसके अलावा प्रो. आशा शुक्ला, डीआईजी (महिला सुरक्षा) डॉ. किरणलता केरकेट्टा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आरके सिंह, मदद फाउंडेशन के राजेशमणि त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हुए.

### पीड़ितों के पुनर्वास, बचाव और पुन:एकीकरण पर भी हुई चर्चा

विशेषज्ञों ने मानव तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, सामाजिक-आर्थिक कारणों और जांच की आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डाला. साथ ही पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, अंतरराज्यीय समन्वय और तकनीकी सशक्तिकरण को प्रभावी कार्रवाई के लिए जरूरी बताया. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस अपराध पर अंकुश के लिए तुरंत कार्रवाई के साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है. जागरूकता अभियान और जनसहभागिता के जरिए ही इस पर प्रभावी नियंत्रण संभव है. कार्यशाला में मानव तस्करी के पीड़ितों के पुनर्वास, बचाव और पुनर्एकीकरण की प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की गई. अंत में सभी ने मिलकर इस अपराध के खिलाफ समन्वित और सशक्त कार्रवाई करने का संकल्प लिया.

## आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवती से मारपीट

- सोशल मीडिया पर वीडियो भी किया वायरल

**इंदौर. बाणेश्वर कुंड मंदिर परिसर में युवक-युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ. कुछ लोगों ने दोनों पर अशोभनीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए उनके साथ हाथापाई की और घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.**

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने युवक-युवती को अनुचित स्थिति में होने का दावा किया. इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने दोनों को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी. इस दौरान कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे, जो बाद में सोशल मीडिया पर फैल गया. सूचना मिलने पर डायल 112



की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित थाने ले आई. युवक-युवती की ओर से किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई. युवती ने भी कोई कार्रवाई नहीं चाही, जिसके चलते दोनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया.

## नारायण साई के तलाक मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

- 5 करोड़ गुजारा भत्ता की मांग पर अंतिम बहस खत्म
- कोर्ट जल्द सुनाएगा निर्णय

इंदौर. आसाराम के बेटे नारायण साई से जुड़े तलाक प्रकरण में फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब इस मामले में कभी भी निर्णय सुनाया जा सकता है.

जानकारी के मुताबिक, नारायण साई की इंदौर निवासी उनकी पत्नी जानकी ने वर्ष 2023 में तलाक की अर्जी दाखिल की थी. इसके साथ ही उन्होंने करीब 5 करोड़ रुपए के स्थायी गुजारा भत्ता की मांग भी की है.

## बायपास पर गोवंश से भरा आयशर वाहन पकड़ा, चालक फरार

- पुलिस ने कैलोद करताल फाटा पर की कार्रवाई
- सात पशु अमानवीय हालत में मिले

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बायपास रोड पर कार्रवाई करते हुए गोवंश से भरा एक आयशर वाहन जब्त किया है. वाहन में पशुओं को बेहद खराब और असुरक्षित हालत में भरकर ले जाया जा रहा था. पुलिस को



देखते ही चालक और उसके साथी वाहन छोड़कर मौके से भाग निकले.

थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि रालामंडल में रहने वाले हर्षवर्धन सिंह (पटेल कॉलेज) ने सूचना दी थी कि एक आयशर नम्बर एमपी 13 जेडएक्स 8165 में गोवंश को बेरहमी से भरकर ले जाया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस ने कैलोद करताल फाटा के पास बायपास पर घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया. जांच में सामने आया कि वाहन में 7 पशुओं को बेहद तंग जगह में ठूंसकर रखा गया था. मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने आक्रोश में आकर वाहन में तोड़फोड़ भी कर दी. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया. मामले में केस दर्ज कर पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है.

**एक नजर में** — कई क्षेत्रों में अभी भी सीवरेज लाइन और चेंबर टूटे होने से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है, शिकायतों के बाद भी किया जा रहा अनसुना

## भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के बाद भी निगम की लापरवाही जारी





**इंदौर. शहर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के बाद भी नगर निगम की लापरवाही जारी है, जहां कई क्षेत्रों में अभी भी सीवरेज लाइन और चेंबर टूटे होने से गंदा पानी सप्लाई हो रहा है. शिकायतों के बावजूद, वादों और आश्वासन के बीच लोग नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं.**

सीवरेज लाइन से जुड़ा हुआ मामला वार्ड क्रमांक 64 से भी सामने आया है. वार्ड के चितावद नगर में कई गलियां आज भी ऐसी हैं, जहां सीवरेज लाइन चौक होना आम बात है. यह भी देखने में आया है कि कई जगह के सिविल लाइन के चैंबरों के ढक्कन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके चलते जब भी सीवरेज लाइन चौक होती है तो चैंबरों के क्षतिग्रस्त टूटे ढक्कनों से लगातार गंदगी सड़कों पर बहती रहती है, जिससे क्षेत्र में आने-जाने वालों को असुविधा होती है इसके अलावा दुर्गंध बनी रहने के साथ ही क्षेत्र में कई तरह की बीमारियां भी फैल रही हैं. बताया जाता है कि निगम कर्मियों द्वारा सही तरीके से सीवरेज लाइन की सफाई नहीं की जाती है, जिस कारण हर एक-दो दिन में चेंबर चौक हो जाते हैं. चैंबरों के क्षतिग्रस्त ढक्कन बदलने और बार-बार सीवरेज जाम होने की शिकायत कई बार की गई, लेकिन आज तक इस पर किसी भी तरह का अमल नहीं किया गया.

### यह बोले रहवासी...



आए दिन सीवरेज लाइन चौक हो जाती हैं, टूटे ढक्कनों से घरों के सामने ही गंदगी सड़कों पर बहती रहती है. आने-जाने वाले राहगीरों के साथ ही छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी होती है.

**- रुक्मणि बाई**



जिस दिन सीवरेज लाइन चौक होती है, बहुत ही बदबू आती है. दिन और रात में क्षेत्र में मच्छरों की तादात बढ़ जाती है. ऐसे में गंभीर बीमारियों के बढ़ने का खतरा होता है.

**- सुनीता नागर**



मुख्य सड़क की लाइन चौक होते ही गलियों में सीवरेज लाइन के चैंबरों से पानी बहने लगता है और घरों में रिटर्न होकर गंदा पानी आने लगता है, जब तक पूरी लाईन क्लियर नहीं होती, समस्या बनी रहती है.

**- शिवनारायण**